हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026



# पार्री में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, पटवारी सहित भू-माफिया पर एफआईआर की तैयारी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले एक सप्ताह से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जिले में जारी प्रशासनिक कार्रवाई के तहत शुक्रवार को पार्री में एक्शन लिया गया है। यहां करीबन पांच एकड़ रकबे में अवैध तरीके से प्लाट काटकर बेचने की तैयारी कर रहे भू-माफियाओं के खिलाफ एक्शन लिया गया है। जेसीबी की मदद से प्रशासन ने बनाए गए नाली और सड़क को उखाड़ने का काम किया है।

इस बार प्रशासन के अवैध प्लाटिंग के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को देखकर लग रहा है कि केवल जेसीबी से रोड़, नाली उखाड़ने की कार्रवाई तक अफसर सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जिम्मेदार भू-माफिया एवं अफसरों पर भी एक्शन लिया जाएगा। बताया गया कि प्रशासन जल्द ही भू-माफिया के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है। बड़ी बात यह है कि जिस खसरे पर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी, उस एफआईआर में वहां के पटवारी का नाम भी शामिल किया जाएगा। यानि भू-माफिया के साथ ही पटवारी एवं संबंधित अफसरों पर भी गाज गिरने वाली है।

इधर प्रशासन की कार्रवाई से आम लोगों में भी काफी संतुष्टि दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि हर बार प्रशासन अवैध प्लाटिंग पर केवल नाम की कार्रवाई कर पीछे हट जाता है, लेकिन इस बार इन भू-माफियाओं पर सख्त एक्शन होना चाहिए। इसके साथ ही जिम्मेदार पटवारी और आरआई पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## कलेक्टर ने निगम टीम को दिए सख्त एक्शन के निर्देश, नजर में संलिप्त अफसर भी

### कलेक्टर ने निगम को दिए एफआईआर कराने के निर्देश

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने निगम अफसरों को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही संबंधित भू-माफियाओं के खिलाफ थाने में आवेदन देकर एफआईआर कराने भी कहा गया है। हालांकि अब तक शहर में किसी भी अवैध प्लाटिंग पर एफआईआर नहीं कराई गई है।

### खास बातें

- अवैध प्लाटिंग पर गठित हुई टीम
- निगम अफसरों की अनदेखी से शहर में बढ़ा अवैध प्लाटिंग का कारोबार



### बिना अनुमति बनाई नाली

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार पार्री में भू-माफिया संदीप पारख द्वारा बिना अनुमति लिए ही मुरूम की सड़कें एवं नाली का निर्माण करा लिया गया था। शिकायत के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जहां नाली को तोड़ने का काम किया है। वहीं सड़क को भी उखाड़ा गया है। वहीं संबंधित लोगों को नोटिस जारी की जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस मामले में भी एफआईआर की तैयारी की जा रही है।

# अपराधों में कमीः हत्या के 25 मामलों की गुत्थी सुलझी, सालभर में 3 जगह डकैती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने वर्षभर में हुए अपराधों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते बताया कि वर्ष 2024 की अपेक्षा 2025 में अपराधों में कमी आई है। हत्या जैसे गंभीर मामले के 27 प्रकरणों में 25 सुलझा, जिसमें 63 आरोपी गिरफ्तार हुए, 2 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। इसी तरह आबकारी मामले में बेहतर कार्रवाई हुई है।

शुक्रवार को जनसंवाद कक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पत्रकारवार्ता में साल में हुए आपराधिक मामले और पुलिस की कार्रवाई का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में हत्या के 27 प्रकरण हुए। जिसमें 25 सुलझा और 63 आरोपी गिरफ्तार किए गए, दो मामले में गिरफ्तारी शेष है। इसी तरह हत्या का प्रयास के 31 मामलों में 28 सुलझा। जिसमें 69 आरोपी गिरफ्तार, 3 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है।

इसके अलावा अन्य आपराधिक मामले में आपराधिक मानव वध 1 प्रकरण में 1 सुलझा, 1 आरोपी गिरफ्तार, बलात्कार के 65 प्रकरणों में 61 सुलझा, 68 गिरफ्तार, 4 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, अपहरण, व्यपहरण के 107 प्रकरणों में 61 सुलझा। जिसमें 13 आरोपी गिरफ्तार, 20 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। डकैती के 3 मामलो में तीनों सुलझा। जिसमें 15 आरोपी गिरफ्तार किए गए। लूट के 17 प्रकरणों में 17 सुलझा। जिसमें 39 आरोपी गिरफ्तार किए गए।




### अन्य अपराधों में भी हुई कार्रवाई

आगजनी के 8 प्रकरणों में 8 सुलझा। जिसमें 9 आरोपी गिरफ्तार हुए। चोंट के 782 प्रकरणों में 741 सुलझा। जिसमें 1298 आरोपी गिरफ्तार, 41 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, दहेज मृत्यु 1 प्रकरण में 1 सुलझा। जिसमें 1 आरोपी गिरफ्तार, शीलभंग के 41 प्रकरणों में 40 सुलझा। जिसमें 43 आरोपी गिरफ्तार, 1 प्रकरण गिरफ्तारी शेष, यौन उत्पीड़न के 12 प्रकरणों में 11 सुलझा। जिसमें 11 आरोपी गिरफ्तार हुए, 1 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, दहेज प्रताड़ना के 15 प्रकरणों में 9 सुलझा। जिसमें 19 आरोपी गिरफ्तार, 6 प्रकरण विवेचनाधीन, 304-ए भादवि के 210 प्रकरणों में 180 सुलझा। जिसमें 115 आरोपी गिरफ्तार, 30 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, अन्य भादवि के 471 प्रकरणों में 413 सुलझा। जिसमें 535 आरोपी गिरफ्तार, 58 प्रकरण गिरफ्तारी शेष है। पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024 की अपेक्षा वर्ष 2025 में अपराधों में कमी आई है।

### चोरी के 48 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष

नकबजनी के 156 प्रकरणों में 125 सुलझा। जिसमें 120 गिरफ्तार, 31 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, चोरी के 248 प्रकरणों में 236 सुलझा। जिसमें 111 आरोपी गिरफ्तार, 48 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। झपटमारी 15 प्रकरणों में 14 सुलझा। जिसमें 18 आरोपी गिरफ्तार, 1 मामले में गिरफ्तारी शेष, बलवा के 25 प्रकरणों में 23 सुलझा। जिसमें 90 आरोपी गिरफ्तार, 2 में गिरफ्तारी शेष, खयानत के 5 प्रकरणों में 4 सुलझा। जिसमें 10 आरोपी गिरफ्तार किए गए, 1 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। धोखाधड़ी के 88 प्रकरणों में 57 सुलझा। जिसमें 99 आरोपी गिरफ्तार, 31 प्रकरण विवेचनाधीन है।

### तापमान चढ़ा, अब 12 डिग्री पर पहुंचा

**राजनांदगांव।** जिले के न्यूनतम तापमान में पिछले दो दिनों में इजाफा देखने को मिला है। अंचल का न्यूनतम तापमान अब बढ़कर 12 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं दिन का पारा भी अब 29 डिग्री पर आ गया है।




### खबर संक्षेप

#### 615 कट्टा धान पकड़ाया



**राजनांदगांव।** जिले में अवैध धान के परिवहन की रोकथाम के लिए जारी जांच अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरुवार की रात महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान दो ट्रकों को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। बताया गया कि गुरुवार को रात्रि लगभग 9 बजे राजस्व अधिकारियों का दल सीमावर्ती क्षेत्रों के निरीक्षण पर था। इस दौरान महाराष्ट्र के सालेकसा से कोठीटोला-कारूटोला के रास्ते छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे दो संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमएच 11 एएल 4288 की जांच करने पर 315 कट्टा धान लोड पाया गया। इसी प्रकार जांच करने पर 300 कट्टा धान लोड पाया गया। मौके पर उपस्थित वाहन चालकों एवं स्वामियों से धान के परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज, मंडी पर्ची अथवा अन्य अनिवार्य कागजात मांगे गए। किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण अधिकारियों द्वारा दोनों वाहनों के लोड कुल 615 कट्टा धान सहित वाहन जब्त कर किया गया। जब्त धान और वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने अन्य राज्यों से अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए जिले की सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

बेचना है
रीवागहन चौक के आगे, शिव मंदिर के बाद, भारत पेट्रोल पम्प के पहले, 80 डिसमिल के करीब जगह 2 खेत के अंदर को बेचना है। लेने के इच्छुक संपर्क करें
मो. 9827160174

# घायल पत्नी और बच्चे को देखने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया थाना अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। पत्नी व बच्चों के घायल होने की जानकारी मिलने पर आनन-फानन में उन्हें देखने अपनी दो पहिया वाहन में सवार होकर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई।




प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरिया पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में भिडंत होने से एक बाइक में सवार महिला व अन्य घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से राजनांदगांव चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना मिलने पर महिला के पति शोभित कुमार 40 वर्ष बाइक में सवार होकर अपनी पत्नी को देखने जा रहे थे। वे बीती देर शाम जब भरकाटोला के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया गया कि हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी जमा हो गए थे। हादसे के वक्त वाहन की रफ्तार तेज होने के चलते स्थिति संभल नहीं पाई।

### पूर्व में भी हुई थी घटना

ज्ञात हो कि पूर्व में छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरे पुलिया के पास दो बाइक में भिडंत हो गई थी। जिसमें एक बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई थी। वहीं अन्य वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।



## खबर संक्षेप

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 23 से



**खुज्जी।** दर्री के ब्रम्हचारी आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 23 जनवरी से रखा गया है। 24 जनवरी को प्रधान यज्ञाचार्य पंडित बसंत तिवारी के निर्देशन में यज्ञ की आहुति प्रारंभ होगी। 25 जनवरी को श्री सीता राम मानस परिवार मुसराकला, 26 को पुष्पांजलि लोक भजन मानस परिवार कन्हारपुरी की प्रस्तुति होगी। 27 जनवरी को श्री नव दुर्गा मानस समिति आमगांव की प्रस्तुति होगी जिसमें लोक गायिका कविता वासनिक एवं राकेश सिन्हा शामिल होंगे। आगामी 28 जनवरी को मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा, 29 को चोला माटी के हे राम राजनांदगांव, 30 को उमाशंकर मानस परिवार डीपरापारा दुर्ग, 31 को प्रभु के संग मानस परिवार लाल बहादुर नगर, 1 फरवरी को हनुमंत कृपा मानस परिवार अछोली की प्रस्तुति होगी। संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के संरक्षण में 1 फरवरी को गो पूजन विसर्जन एवं शोभायात्रा के साथ समापन होगा।

### पदुमतरा में भागवत कथा 8 तक

**डोंगरगढ़।** पदुमतरा में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन ओमप्रकाश साहू, मोहन साहू, कविता साहू, हिना साहू, ललिता साहू आदि ने किया है। यह आयोजन आगामी 8 जनवरी तक चलेगा। कथा वाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडेय हैं। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की दिव्य लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और मानव जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### डंगबोरा जलाशय में उमड़ा जन सैलाब



**डोंगरगढ़।** नए साल के उपलक्ष्य में लगभग 4 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैले डंगबोरा जलाशय पिकनिक स्पॉट पर जन सैलाब देखने मिला। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने पुराने रेस्ट हाउस, ऊलट, हनुमान मंदिर, कुंवारा- कुंवारी मंदिर आदि जगह आने वाले लोगों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि यहां सफाई, बैठक एवं पेयजल व्यवस्था होना चाहिए। इस दौरान पूर्व सरपंच राजेंद्र जंघेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान, डा बहोरन वर्मा, शिव मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

### डीसीएल 5 का आयोजन 10 से

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ क्रिकेट क्लब द्वारा आगामी 10 जनवरी से पांचवां फ्लड लाइट सुपर लीग का आयोजन रखा गया है। मंगलवार को डोंगरगढ़ क्रिकेट क्लब ने आक्शन मिट कराया। इस मिट में 63 हजार पॉइंट के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में संदीप सिंह गहरवाल की बोली ताज ऐग्रो ने लगाई। डीसीएल के पांचवें सीजन में प्रथम इनाम 66666 रूपए, दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 44444 रुपए दिया जाएगा। मैच हाईस्कूल मैदान में खेला जाएगा। डीसीएल-5 में प्रमुख रूप से ताज एग्रो, एमसीजी, भगतसिंह फाइटर, देशपाण्डे डायनामाईट, द कोर, शिवलिन बिल्डकान, बजरंगी वारियस, एआरपी इस्टाइकर, देसी योद्धा, मनन सुपर किंग टीम भाग ले रही हैं। इन 10 टीमों को दो पुलों में बांटा जाएगा। हर टीम कम से कम चार मैच खेलेंगी। फाइनल मैच आगामी 18 जनवरी को खेला जाएगा।

### सूने घर से सवा लाख की चोरी

**पटेवा।** एक और दो जनवरी की दरम्यानी रात को सुने मकान का ताला तोड़कर लगभग 1.25 लाख की चोरी हो गई। कांग्रेस नेता नीलकंठ साहू गाड़ी खरीदनें भिलाई गए थे और वह रूक गए दूसरे दिन घर पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर पाया कि आलमारी भी टूटी हुई थी और उसमें रखे 1.25 लाख रुपए गायब थे। इसी प्रकार चोरों ने ईट बनाने वाले पाड़े के घर का भी ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया, किन्तु पड़ोसी के जाग जाने के कारण चोर भाग गए। उन्होंने बताया कि चोरी करने वालों की संख्या दो थी। इसके पहले 15 दिन पूर्व नारायण साहू के कोठार में रखे 15 कट्टा धान की चोरी हो गई थी।



### जालबांधा कॉलेज में मनाया सुशासन दिवस

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सहायक प्राध्यापक श्री देवांगन ने बताया कि सुशासन वह शासन प्रणाली है जिसमें सभी नागरिकों के हितों का संरक्षण किया जाता है। सहायक प्राध्यापक डॉ. नवीन राजपूत ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में नैतिकता, शुचिता, गरिमा एवं मर्यादा के समर्थक थे। कार्यक्रम का संचालन पूजा देवांगन तथा आभार प्रदर्शन रवि प्रकाश चतुर्वेदी ने किया।

### मीडिया एसोसिएशन का महाधिवेशन 8 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन का महाधिवेशन आगामी 8 जनवरी को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिसमें पत्रकारों और कलाकारों को सुरक्षा प्रदान किया जाता है। साथ ही समय-समय पर अपने-अपने जिलों पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जनसहयोग का कार्य भी किया जाता है। आगामी 08 जनवरी को छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन का महाधिवेशन किया जा रहा है, जहां सभी जिलों के पत्रकारों को आमंत्रित करते प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों का आगमन होगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्रियों का आगमन होगा। महाधिवेशन में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गीतकार मीर अली मीर, हास्य, व्यंग के शशिभूषण स्नेही, गीतकार ईश्वर साहू और बस्तर के सुप्रसिद्ध गीतकार सिद्धार्थ महाजन अपनी प्रस्तुति देंगे। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन का महाधिवेशन राजधानी रायपुर के विमतारा में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल द्वारा दिया गया है।

### जिला कार्यकारणी की बैठक आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला राजनांदगांव में कल 3 जनवरी को जिला कार्यकारिणी की बैठक दोपहर 12 बजे सामाजिक भवन मोतीपुर राजनांदगांव में आहुत की गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला राजनांदगांव द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया जाना है। उक्त बैठक में जिला व मंडल के समस्त पदाधिकारीगण, पूर्व पदाधिकारीगण एवं समस्त स्वजातीयगण आमंत्रित है। यह जानकारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी।

### निधन



#### चन्द्रलता जैन

**डोंगरगांव।** कांग्रेस नेता देशराज जैन की द्वितीय पुत्री चन्द्रलता जैन का 52 साल की आयु में शुक्रवार को रात आठ बजे निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थी। उनकी अंतिम यात्रा कल शनिवार को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

---

### लाइम स्टोन ब्लॉक की स्थिति स्पष्ट करने की चेतावनी, बैकफुट पर आया विभाग

# किसानों की चेतावनी के बाद आनन फानन में लाइम स्टोन ब्लॉक को किया निरस्त

## अंचल के किसान खनन का लगातार कर रहे थे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

48 घंटो के भीतर जगमड़वा, हनईबन, मरदकठेरा लाइम स्टोन ब्लाक की प्रक्रिया को स्पष्ट करने की किसान अधिकार संघर्ष समिति के ऐलान बाद हरकत में आए विभाग ने ब्लाक को ही निरस्त कर दिया है हालांकि 9 दिसंबर तक इसकी ई नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी और संभावना थी कि 12 जनवरी को किस कंपनी को इसका काम मिला है वो स्फस्ट होता, लेकिन इस बीच किसान अधिकार संघर्ष समिति की ओर से चेतावनी जारी करने की सूचना मिलते ही आनन फानन में विभाग ने ब्लाक हो ही निरस्त कर दिया है।

यह ब्लॉक लगभग 304.209 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ था और क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा खनिज ब्लॉक माना जाता था। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा जी-2 स्तर पर किए गए विस्तृत भूवैज्ञानिक अध्ययन में इस क्षेत्र में लगभग 52.745 मिलियन टन चूना पत्थर का भंडार दर्ज किया गया था।

### कृषि भूमि के बर्बाद होने की थी आशंका

किसान अधिकार संघर्ष समिति का आरोप है कि क्षेत्र के 55 गांव के किसान इसका विरोध कर रहे हैं। हनईबन ब्लॉक में जगमड़वा, रैमड़वा, मरतकठेरा, हनईबन गांव खनन क्षेत्र में आ रहे हैं, जबकि सर्वाधिक प्रभावित गांव की श्रेणी में धोधा, कालेगोंदी, बिरनपुर, दनिया, चारभाठा, उदान, तेंदूभाठा, जोम, पत्थर्रा, मंजगांव, गोकना, बागुर, भुरभूसी, सुखरी, हरडंडा, काशीटोला, ठंडार, चकनार, खोंधा, गर्रा, मानिकचौरी, जंगलपुर जैसे गांव शामिल होंगे इसके अलावा संडी ब्लॉक के खनन क्षेत्र में पंडरिया, विचारपुर, भरदागोड़, बुंदेली, संडी आएगे प्रभावित गाँव में मैंहर, कुकुरमुड़ा, अतरिया, खैरबना, कोटरा, खैरी, कुटेली, सूराडबरी, सहित आसपास के सभी गांव सम्मिलित है। समिति संयोजक सुधीर गोलछा ने हनईबन लाइम स्टोन ब्लॉक की पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि जब इसी परिक्षेत्र के गांवों में पूर्व से ही एक लाइम स्टोन ब्लॉक का जबरदस्त विरोध हो रहा है, तो प्रशासन क्यों दूसरे लाइम स्टोन ब्लॉक की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने मे तुली है। समिति संरक्षक गिरवर जंघेल और अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने कहा कि दनिया, अतरिया, उदयपुर, हनईबन संपूर्ण परिक्षेत्र के गांवों में प्रस्तावित सभी लाइम स्टोन ब्लॉक और सीमेंट फैक्टरी स्थापना की परियोजना को स्थाई रूप से बंद किया जाए और प्रशासन आंदोलन के लिए मजबूर न करे।

### अभी सिर्फ सर्वे, खनन की अनुमति नहीं

साल्हेवारा उप तहसील के नचनिया आयरन ओर ब्लॉक में 3.93 मिलियन टन और भाजीडोंगरी में 2.07 मिलियन टन अयस्क का भंडार दर्ज है। दोनों ब्लॉकों का सर्वे कार्य निजी कंपनियों को सौंपा जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि अभी केवल सर्वे की अनुमति है, खनन नहीं। दोनों ब्लॉक घने वन क्षेत्र में आते हैं, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि यहां खनन शुरू होने की स्थिति में जंगलों का कटाव, जंगली जीवों पर असर और भूजल स्तर में गिरावट जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियां सामने आ सकती हैं। इसी तरह जगमड़वा, हनाईबन, मरदकठेरा चूना पत्थर ब्लॉक, जहाँ 52.74 मिलियन टन चूना पत्थर का विशाल भंडार है हालांकि यह ब्लॉक वनभूमि रहित जरूर है, लेकिन बड़े पैमाने पर चूना पत्थर खनन स्थानीय जल स्रोतों और कृषि पर दीर्घकालीन प्रभाव डाल सकता है।

### किसानों के दबाव में जनसुनवाई स्थागित

बीते दो महीने से प्रस्तावित संडी लाइम स्टोन ब्लॉक के विरोध में किसान आंदोलनरत है। 11 दिसंबर को होने वाली जनसुनवाई को निरस्त करवाने के लिए किसानों ने 28 नवंबर को हजारों की संख्या में किसानों ने पर्यावरण विभाग भिलाई में दिनभर धरना प्रदर्शन बाद 6 दिसंबर को बड़ी टैक्टर रैली निकालकर छुईखदान राजस्व कार्यकाल के सामने 6 घंटे तक बड़ा प्रदर्शन किए थे जिसके बाद आखिरकार किसानों की एकजुटता और दबाव के चलते जिला प्रशासन को जनसुनवाई स्थगित करनी पड़ी थी।

### आदेश हुआ जारी

छुईखदान। खनिज संसाधन विभाग अंतर्गत संचालनालय भूविज्ञान एवं खनिज कर्म ने चूना पत्थर के दो खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। इस संबंध में गत 9 दिसंबर को आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। जारी नोटिस के अनुसार खनिज नीलामी नियम 2015 के नियम 9 के उपनियम 10 एवं निविदा की शर्त 8.1 ए (ई) के तहत प्रथम प्रयास की नीलामी प्रक्रिया को रद्द किया गया है। विभाग ने भिकुरिया छंता चूना पत्थर खनिज ब्लॉक, जगमड़वा –हनईबंध चूना पत्थर खनिज ब्लॉक की निविदा प्रक्रिया को निरस्त किया है। संचालनालय भूविज्ञान एवं खनिज कर्म जारी इस आदेश के तहत उक्त दोनों खनिज ब्लॉकों की प्रथम नीलामी प्रक्रिया प्रभावहीन मानी जाएगी। भविष्य में इन खनिज ब्लॉकों के संबंध में नियमानुसार की जाएगी।

---

## गाड़ाडीह सोसायटी पहुंचे किसान कांग्रेस अध्यक्ष



- किसानों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

धान खरीदी व्यवस्था से किसान परेशान है जिन्हे जानने के लिए किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास लगातार धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। गत दिनों उन्होंने गाड़ाडीह सोसायटी पहुंचकर निरीक्षण किया तथा किसानों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने तौल में देरी, भुगतान, अव्यवस्थाओं एवं अन्य दिक्कतों से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों के हितों के लिए किसान कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करते रहेगी। इस अवसर पर असंगठित क्षेत्र के प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, निगरानी समिति के सदस्य दीपक वैष्णव, डूमर जंघेल, समिति प्रबंधक रूपलाल जंघेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में गुरूवार को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। नीलिमा जैन की पुत्री तानिया जैन जो कक्षा नवमी की छात्रा है ने अपने जन्मदिन पर यह आयोजन कर छात्र छात्राओं को स्वादिष्ट व्यंजन खिलाया। सभी छात्र छात्राओं ने तानिया को बधाइयां दी। स्कूल की प्राचार्य दास मेम ने बताया कि बच्चे जब स्कूल में आकर जन्मदिन मनाते हैं तो अच्छा लगता है।

## सड़क किनारे नाली निर्माण से बढ़ेगी परेशानी

- पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नगर के अग्रसेन चौक में पुराने नाले को बंद कर जमीन मालिक द्वारा नई नाली का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण से सड़क चौड़ीकरण प्रभावित होगा।

यातायात में बाधा आने की संभावना के बाद भी पालिका के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए है। जांच का विषय है कि नीचे मंदिर से उपर मंदिर जाने के मार्ग पर लाखों की लागत से बनी नाली को बंद कर नई नाली निर्माण कराने की अनुमति कैसे दी गई? पालिका ने निर्माण की अनुमति नहीं दिया तो कार्रवाई क्यों नहीं किया जा रहा है?

### बगैर लाईसेंस प्लाटिंग

बताया जाता है कि बिना कोलोनाईजर लाईसेंस के प्लाट काट कर जमीन को बेचा जा रहा है। मुख्य मार्ग पर कब्जा करने से भविष्य में यातायात व्यवस्था परेशानी का सबब बन जाएगी। इस मामले को लेकर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बताया कि जमीन का मामला उच्च न्यायल के फैसले को बाद सामने आया है। पालिका के पुराने निर्माण को डिसमेंटल कर बिना अनुमति कोई कराया जा रहा है तो जांच कराकर नियमतः कार्रवाई की जाएगी।

## हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

कौड़ीकसा एवं देववाड़वी मंडल के तत्वावधान में भंडारीटोला में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न ग्राम से सनातनी शामिल हुए।

मंडल पालक तुकेश पटेल ने बताया कि सुबह शीतला मंदिर से कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। भारत माता और देवी देवताओं की पूजा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अरजकुंड रामायण मंडली ने भजन एवं बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रमुख वक्ता अभय बाजपेयी, अनिल श्रीवास्तव, गोपाल वर्मा, गीता कुंजाम, मोगरा ने प्रेरणास्पद व्याख्यान दिए।

कार्यक्रम में ताम्रध्वज सिन्हा, लक्ष्मण देवांगन, रामकुमार छेदईया, झनक सोनवानी, संदीप साहू, दिगम्बर शांडिल्य, शत्रुघ्न चुरेंद्र, पारस मंडावी, किशोर, आनंद, मनोज कोरटिया, लक्ष्मी कुल्हारा, अर्जुनदास साहू, योगेन्द्र सहित अन्य शामिल हुए।

### घाट में धान से भरा ट्रक पलटा



**सड़क अतरिया।** साल्हेवारा घाट में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ। धान से भरा ट्रक घाट पार करते समय अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस हादसे में चालक परिचालक की जान बाल बाल बची। उन्हे सामान्य चोट आने की जानकारी है परन्तु वाहन का परखच्चा उड़ गया। जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेबी 1852 धान खरीदी केन्द्र बकरकट्टा से धान भर कर निकला था। करीब डेढ़ बजे ट्रक घाट पार कर रहा था। बंजारी मंदिर के दो किलोमीटर आगे ट्रक चालक का नियंत्रण नहीं कर पाया और धान से भरा ट्रक गहरी खाई गिर गया। चालक परिचालक कूद कर जान बचाने में कामयाब हुए।

#### ब्रेक फेल होने से हादसा

जानकारी अनुसार साल्हेवार घाट में ट्रक का ब्रेक फेल हो गया जिससे चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और यह हादसा हो गया। खाई में बड़े पेड़ होने से वाहन पलट कर फंस गया।

### अंतर्राज्यीय ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा का समापन

# नागपुर के करीम स्पोटर्स ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



अंतर्राज्यीय डयूस बाल स्पर्धा के चैम्पियनशिप का खिताब करीम स्पोटर्स क्लब नागपुर ने हासिल किया। बुधवार को हुए खिताबी मुकाबले में नागपुर ने डीसीए राजनांदगांव को पांच विकेट से परास्त किया।

नगर के ग्रीन हिल पार्क क्रिकेट मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 31 दिसंबर को हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम मैच में नागपुर और राजनांदगांव की टीम के मध्य मुकाबला हुआ। फाइनल मैच में नागपुर की करीम स्पोटर्स ने टास जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। डीसीए राजनांदगांव की शुरूआत काफी खराब रही। उसके सलामी और मध्यमक्रम के तीन बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए। प्रथम पंक्ति के पांच बल्लेबाज मात्र 15 रनों के स्कोर पर पेवेलियन लौट गए। इसके बाद आए वैभव साहू ने सूझबूझ से पारी खेलते हुए मैच के अंत तक मैदान में बने रहे। उन्होने न केवल टीम को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया बल्कि शतक भी बनाया। वैभव ने 8 चौके और 8 छक्को की मदद से सौ रन बनाए। हर्ष शर्मा ने 20 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव के पांच सलामी बल्लेबाज जीरो पर

#### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे आशुतोष

स्पर्धा के सर्वश्रेश्ठ खिलाडी नागपुर के आशुतोष रहे। सर्वश्रेश्ठ बल्लेबाज का खिताब नागपुर के कृष चोपडा और गेंदबाज का खिताब डीसीए राजनादगांव के आरीन द्विवेदी को मिला। क्षेत्ररक्षक का खिताब जानेन्द्र और विकेट कीपर का पुरूस्कार आयुश को गया। पुरूस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा थे। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष आषीश द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी रईस अहमद शकील, आशीष पांडे, योगेश बागडी, अजय पांडे, श्री जैन, श्री गुप्ता थे। संचालन केएस ठाकुर व आभार ज्ञापन विकास मानिकपुरी ने किया। इस मौके पर आशीष खंडेंलवाल, प्रमोद ठलाल, चिल्हाटी के हरिशरण चौहान, अजय श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, अविनाश कोमरे को सम्मानित किया गया। इन दानदाताओ ने परिजनों की स्मृति में पुरूस्कार दिया था।

#### टारगेट पर रही नजर

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर करीम स्पोटर्स क्लब के बल्लेबाजो ने प्रारंभ से ही संभलकर खेलना शुरू किया। वह कमजोर गेंदो पर प्रहार करते हुए रनो का औसत बनाए रखते हुए आगे बढते गए। नागपुर का पहला विकेट 28 रनों के योग पर गिरा। दूसरे विकेट के लिए नागपुर के बल्लेबाजो ने 62 रनो की बहुमूल्य साझेदारी की। नागपुर ने मैच को पांच विकट से जीत लिया। लेकिन जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करीम स्पोटर्स को अंतिम ओवर तक संघर्ष करना पडा। नागपुर के कृष चोपडा ने 3, राबिन ने 19, ऋषिकेश ने 33 एवं शिवा पांडे ने 18 रनो का योगदान दिया। मैच के निर्णायक स्टेट अंपायर सपन काकडे, हेमंत ठाकुर एवं कामेंट्रेटर केएस ठाकुर, विकास मानिकपुरी, प्रज्ञारत्न गोडबोले एवं विमल यदव थे।

### भुलाटोला विजेता

**सड़क अतरिया।** ग्राम में क्रिकेट क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें दो दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। अंतिम मुकाबला भुलाटोला क्रिकेट क्लब और सड़क अतरिया के मध्य खेला गया।

रोचक मुकाबला में भुलाटोला की टीम विजेता और सड़क अतरिया उपविजेता रही। पुरस्कार वितरण पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने किया। इस मौके पर मोतीलाल जंघेल, राधे मोहन वैष्णव, थानसिंग साहू, शिव प्रसाद, अमीलाल जंघेल, रोहित जंघेल, राजकुमार साहू, रामकृष्ण वैष्णव, कमलेश साहू, नंदू प्रजापति, भूपेश जंघेल, हितेश वैष्णव, अमित जंघेल, ओम प्रकाश, राहुल जंघेल, बंटी, मुन्ना, राघव, जितेन्द्र जंघेल, मोरेश्वर आदि मौजूद थे।

इसी प्रकार नर्मदा में भी क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इस स्पर्धा का समापन रविवार को होगा।

# DMart®
Daily Discounts Daily Savings

## संक्रांति की सारी शॉपिंग अब बजट में

शॉप ऑनलाइन** DMart ready GET IT ON Google Play · Download on the App Store

### संक्रांति स्पेशल

- ₹ 43* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
- ₹ 59* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
- ₹ 78* सिर्फ लूज़ कालिमुंछ चावल 1 किलो
- ₹ 31* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
- ₹ 71* सिर्फ लूज़ चना दाल 1 किलो
- ₹ 102* सिर्फ लूज़ मुंग दाल 1 किलो
- ₹ 141* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो
- ₹ 66* सिर्फ लूज़ बेसन 1 किलो
- ₹ 48* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
- ₹ 949* सिर्फ लूज़ मखाना 1 किलो
- ₹ 151* सिर्फ लूज़ सफेद तिल 1 किलो
- ₹ 65* सिर्फ गुड़ चिक्की 900 ग्राम मूल कीमत ₹ 90
- ₹ 51* सिर्फ मेथी 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 75
- ₹ 299* सिर्फ मिक्स ड्रायफ्रूट 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 407
- ₹ 399* सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 503
- ₹ 449* सिर्फ काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 675
- ₹ 239* सिर्फ इंडियन किशमिश 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 374
- ₹ 37*/₹ 89* सिर्फ इलायची ग्रीन ईको 10 ग्राम/25 ग्राम मूल कीमत ₹ 53/₹ 123

### डेली एसेंशियल्स

- ₹ 49* सिर्फ दावत पुलाव बासमती चावल 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 90
- ₹ 261* सिर्फ मधुर प्युअर और हायजीनिक चीनी 5 किलो मूल कीमत ₹ 315
- ₹ 469* सिर्फ नटराज कॅलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 599
- ₹ 499* सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त श्री तिल चिक्की सॉफ्ट लड्डू 200 ग्राम मूल कीमत ₹ 118*
- ₹ 139* सिर्फ ताली पीनट्स 1 किलो मूल कीमत ₹ 240
- ₹ 89* सिर्फ एसएचआर सफेद तिल 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 154
- ₹ 299* सिर्फ टाटा टी इलायची चाय 1 किलो मूल कीमत ₹ 340
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पावक नॅचरल गुड़ जार 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 110*
- ₹ 389* सिर्फ डाबर हनी 1.3 किलो मूल कीमत ₹ 635
- ₹ 235* सिर्फ हल्दिराम्स भुजिया सेव 1 किलो मूल कीमत ₹ 275
- ₹ 219* सिर्फ किमिया सीडेड खजूर 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 310
- ₹ 509* सिर्फ डाबर अवलेह च्यवनप्राश 1.5 किलो मूल कीमत ₹ 660
- ₹ 79* सिर्फ सनफिस्ट यिप्पी मॅजिक मसाला नुडल्स 544 ग्राम मूल कीमत ₹ 120
- ₹ 56* सिर्फ ब्रिटानिया जिमजॅम पॉप्स 350 ग्राम मूल कीमत ₹ 108
- ₹ 90* सिर्फ स्प्राईट बोतल 1.75 लि. मूल कीमत ₹ 100
- ₹ 115* सिर्फ शुभकार्ट कॅम्फर पूजा ऑइल 900 मि.ली. मूल कीमत ₹ 207
- ₹ 142* सिर्फ पॅराशूट नारियल तेल इज़ी जार 200 मि.ली. मूल कीमत ₹ 160
- ₹ 145* सिर्फ विक्स वेपोरब 50 मि.ली. मूल कीमत ₹ 186
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त लॅक्मे पीच मिल्क सॉफ्ट क्रीम 200 ग्राम मूल कीमत ₹ 597*
- ₹ 176* सिर्फ बोरोप्लस आयुर्वेदीक एन्टीसेप्टिक क्रीम 120 मि.ली. मूल कीमत ₹ 206
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त वॅसलीन डीप मॉइश्चर बॉडी लोशन 600 मि.ली. मूल कीमत ₹ 750*
- ₹ 313* सिर्फ फियामा सेलिब्रेशन पॅक जेल बार 4x125 ग्राम प्रती मूल कीमत ₹ 449
- ₹ 399* सिर्फ गोदरेज ईज़ी लिक्विड डिटर्जेंट पाउच 2 किलो मूल कीमत ₹ 430

### किचनवेयर

- ₹ 29** से आगे स्टील संक्रांति स्पेशल
- ₹ 39** से आगे प्लास्टिक कंटेनर असॉर्टेड
- ₹ 99* सिर्फ ईज़ी लॉक 300 मि.ली. 6 पीस मूल कीमत ₹ 150
- ₹ 19** से आगे मेलामाइन ट्रे 19.05 सेमीx15.24 सेमी
- ₹ 19** से आगे ग्लास जार
- ₹ 445*^ सिर्फ पिजन स्टॉर्म इंडक्शन बेस डोसा तवा मूल कीमत ₹ 1,025
- ₹ 1,489*^ सिर्फ बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर 3 ली. मूल कीमत ₹ 3,415
- ₹ 1,749** से आगे ब्रांडेड मिक्सर्स BAJAJ Crompton WONDERCHEF

## बन ठन कर स्वागत करें, शादी के मौसम का

### विंटर वियर उपलब्ध

- ₹ 199** से आगे गर्ल्स फैशन फ्रॉक
- ₹ 79** से आगे बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी-शर्ट
- ₹ 299** से आगे गर्ल्स कुर्ती
- ₹ 149** से आगे बॉइज़ शर्ट
- ₹ 99** से आगे लेडीज़ टी-शर्ट
- ₹ 149** से आगे लेडीज़ फैन्सी टॉप
- ₹ 349** से आगे लेडीज़ जीन्स
- ₹ 74** से आगे लेडीज़ स्लिपर्स एण्ड सैण्डल्स
- ₹ 199** से आगे बॉइज़ डेनिम
- ₹ 199** से आगे लेडीज़ लॉंग कुर्तीज
- ₹ 99** से आगे लेडीज़ दुपट्टा
- ₹ 199** से आगे लेडीज़ एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज़
- ₹ 599** से आगे कुर्ती सेट
- ₹ 299** से आगे मेन्स स्वेटर
- ₹ 299** से आगे मेन्स एथनिक कुर्ता और पायजमा
- ₹ 449** से आगे मेन्स कॉटन चीनोज़
- ₹ 499** से आगे मेन्स जॉगर्स और कार्गो
- ₹ 99** से आगे मेन्स फैन्सी टी-शर्ट
- ₹ 199** से आगे मेन्स फॉर्मल और कॅज्युअल शर्ट
- ₹ 349** से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र
- ₹ 349** से आगे मेन्स फैशन जीन्स
- ₹ 299** से आगे मेन्स कॅज्युअल शूज़
- ₹ 365** से आगे मेन्स फॉर्मल शूज़
- 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट

न्यूनतम 9% छूट

सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166

**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध

उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देशों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु

Impulse/01/26

## सार समाचार

### महापौर ने की शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने कैलेंडर नववर्ष के अवसर पर नगरवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहर की आराध्य देवी माता



शीतला के दरबार में पूजा-अर्चना कर नगरवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

महापौर श्री यादव ने कहा कि राजनांदगांव सदैव खुशहाल रहे, नगर में विकास की गंगा निरंतर प्रवाहित हो तथा समाज में सौहार्द्र, प्रेम एवं परस्पर भाईचारे की भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह नया साल सभी नागरिकों के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आए और आप सभी मिल-जुलकर शहर को आगे बढ़ाने में सहयोग करें तथा इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप-10 में स्थान बनाने अपना सुझाव व सहयोग प्रदान करें, ताकि हमारा शहर स्वच्छ एवं सुंदर बन सके।

### युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए हरीश

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सतनाम भवन मुख्य कार्यालय भवन में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें रायशुमारी पश्चात सर्वसहमति से जिला युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष गुलाब



चंदेल को पदमुक्त करते हुए जिला युवा प्रकोष्ट के रूप में हरीश कुमार सोनवानी को नए जिला अध्यक्ष के पद से मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन से उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। क्रमशः वासुदेव जोशी, पार्थ गेण्डरे, परस लहरे, गोलू सूर्यवंशी, बंटी महिलांगे, मोहित जोशी, बंटी चंदेल, दिनेश बंजारे, दीपक जोशी, सुनील, मनीष, वासु, मिथिलेश, संतोष भारती, कपिल सूर्यवंशी, देवा बंधे, परमानंद, सचिन, रवि भारती, अजित महिपाल, शुभम बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, हर्ष मारकंडे, उत्तम जांगड़े, अमरदास बंजारे, धीरज, आकाश नारंगे, अमर दास बंजारे सहित गणमान्यजनों ने समाज के प्रति आभार जताया। उक्त जानकारी जिला महामंत्री कमल कुमार लहरे ने दी।

### भवन लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित

**राजनांदगांव।** श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आगामी 4 जनवरी को निर्धारित किया गया था। समाज के जिला महामंत्री संदीप वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के उक्त तिथि में अपरिहार्य कारणों से उपलब्ध नहीं होने की वजह से 4 जनवरी को वैष्णव भवन लोकार्पण कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। भवन लोकार्पण कार्यक्रम की आगामी तिथि निर्धारित होने पर वैष्णव समाज की ओर से अलग से सूचित किया जाएगा।

### महाकाल मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**राजनांदगांव।** महाकाल मंदिर सिंघोला में प्रत्येक प्रदोष पर्व पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार एवं भोग अर्पण किया जाता है। इस बार 01 जनवरी को प्रदोष पर्व और गुरुवार का शुभ संयोग एक साथ पड़ने से शिवभक्तों में



विशेष उत्साह देखने को मिला। सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।

महाकाल भक्त पवन डागा ने भगवान महाकाल से देश, प्रदेश एवं नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर राजस्थान बीकानेर के पुराने निवासी वर्तमान में अहमदाबाद गुजरात निवासी सुप्रसिद्ध भजन सम्राट एवं श्याम प्रेमी राजवर्धन सुथार भी महाकाल मंदिर सिंघोला पहुंचे और भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही महाकाल को अपने भजनों से रिझाया। उनकी उपस्थिति से भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया।

### मां जीण भवानी महोत्सव का शुभारंभ आज

**राजनांदगांव।** श्री जीण माता सेवा समिति के तत्वावधान में मां जीण शक्ति मंगल पाठ का दो दिवसीय भव्य आयोजन कल 3 जनवरी को भव्य



कलश यात्रा के साथ जीणधाम उदयाचल प्रांगण में प्रारंभ होने जा रहा है।

श्री जीण माता सेवा समिति महिला मंडल की शोभा अग्रवाल, शशि अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रमा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, सरला खंडेलवाल, नीलम खंडेलवाल, किरण सोनी, विद्या अग्रवाल एवं रश्मि अग्रवाल के अनुसार संस्कारधानी नगरी में मां जीण भवानी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले लगभग 100 परिवार निवास करते हैं। यहां पिछले 08 वर्षों से प्रतिवर्ष मां जीण भवानी महोत्सव भव्य स्वरूप में सफलतापूर्वक संपन्न किया जा रहा है। श्री जीण माता सेवा समिति के अनुसार 3 जनवरी को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा भजन-सत्संग के साथ श्री सत्यनारायण धर्मशाला से प्रारंभ होकर भारतमाता चौक, तिरंगा चौक, गंज लाइन होते हुए श्री जीण धाम उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी। जीण धाम उदयाचल प्रांगण में मां जीण भवानी का भव्य अलौकिक दरबार सजाया गया है।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम पंचायत पदुमतरा में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की शुरूआत 01 जनवरी को मां बगलामुखी यज्ञ से हुई। जिसमें 108 हवन कुंडों के माध्यम से विधिवत



यज्ञ संपन्न कराया गया। इस पावन यज्ञ में 108 जोड़े शामिल हुए। लगभग तीन घंटे तक चले इस विशाल यज्ञ के दौरान क्षेत्र एवं ग्रामवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। बगलामुखी यज्ञ के पश्चात 02 जनवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरूष शामिल हुए। ज्ञान सप्ताह के प्रथम दिन श्रीमद् भागवत पूजन के साथ गोकर्ण महात्मा की कथा का श्रवण कराया गया। जिससे श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश मिलेगा।

# प्रस्तावित मंदिर स्थल पर शराब की बोतल फेंकने से बढ़ा रोष

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ सर्रागोंदी के ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर से महज तीन किमी दूर सर्रागोंदी में प्रस्तावित हनुमान मंदिर स्थल पर नये साल की रात असामाजिक तत्वों द्वारा अपवित्र सामग्री फेंके जाने से गांव में आक्रोश और तनाव फैल गया है।

नए साल की रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जश्न मनाने के बाद शराब की खाली बोतलें, डिस्पोजल प्लेट और पानी पाउच एक बोरी में इकट्ठा भरकर उस स्थान पर फेंक दिया, जहां कुछ दिन पहले हनुमान मंदिर निर्माण का प्रस्ताव लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान उनकी आस्था से जुड़ा हुआ है और इस तरह की हरकत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां पीपल का पौधा गांव की 90 वर्षीय बुजुर्ग देवला बाई ने लगाया था। बच्चों की तरह उसकी देखभाल करके उसे बड़ा किया था, लेकिन चार महीने पहले बाजू की जमीन खरीदने वाले ने सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने रात के अंधेरे मे पेड़ को कटवा दिया था।

पेड़ कटने से काफी हो हल्ला हुआ तो पुलिस में मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कारवाई कर उन्हें जेल भेज दिया था, लेकिन उसके बाद लोगों की आहत धार्मिक भावनाओं और बुजुर्ग देवला बाई का ध्यान रखते हुये उसी जगह पर पीपल का नया पौधा रोपकर हनुमान मंदिर बनाने का निर्णय लेकर बकायदा समिति का गठन भी कर दिया है।

### कार्रवाई की मांग

आज भी देवला बाई नये रोप पौधे को पानी देने यहा आती है लेकिन नये साल की रात स्थल पर अपवित्र सामग्री फेंके जाने की घटना से ग्रामीणों और विभिन्न संगठनों में एक बार फ़िर रोष बढ़ गया। बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत सौंपी।



### पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने भी इस मामले में नाराजगी जताई है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इधर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल का निरीक्षण किया जाएगा और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है।

## मेटेपार गांव के पास हाईवे में हुई थी दुर्घटना

# एक साथ उठी दो युवाओं की अर्थी परिवार सदमे में, गांव में मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नववर्ष 2026 की शुरूआत जहां खुशियों, जश्न और उम्मीदों के साथ होनी थी। वहीं मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी में नया साल आंसुओं और सिसकियों के साथ शुरू हुआ। एक ही गांव के दो नवयुवकों की अर्थियां जब एक साथ उठी और शमशान में दोनों की चिताएं एक साथ जली, तो पूरा गांव गमगीन हो उठा। हर आंख नम थी और हर घर में मातम पसरा हुआ था।

ग्राम कंदाडी निवासी मोहला आईटीआई के छात्र सेवन चिराम (22) और फकीर खरे (22) की सड़क हादसे में असामयिक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। नया साल मनाने के बाद जब दोनों युवक घर लौट रहे थे, तब मेटेपार गांव के पास हाईवे पर खड़ी एक ब्रेकडाउन ट्रक उनके लिए काल बन गई। हादसे की भयावता इतनी थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 01 जनवरी को लगभग शाम 7.30 बजे मेटेपार गांव में बीते दो दिनों से भिलाई से सरिया लेकर हैदराबाद के लिए निकली 14 चक्का की ट्रक सीजी 07 b07968 इंजन का हेड खराब होने के कारण ब्रेकडाउन अवस्था में सड़क पर खड़ी हुई थी। इधर मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी मोहला आईटीआई के दोनों छात्र सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एएच 4943 से उक्त खड़ी ट्रक में जा घुसे। इस हादसे में दोनों युवाओं की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बताया गया कि दोनों युवक गांव से खरखरा बांध पिकनिक के लिए निकले हुए थे। वापसी के दौरान तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार मेटेपार गांव में खड़ी ट्रक में जा घुसे। इस हादसे में घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी अश्वनी राठौर की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों युवाओं के शव को घटनास्थल से उठाकर अंबागढ़ चौकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाते हुए परिजनों को खबर किया।

### मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल





सुबह जब दोनों का शव गांव पहुंचा, तो खुशियों से सजा गांव अचानक शोक सभा में तब्दील हो गया। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल था, बहनों की चीत्कार और बुजुर्गों की आंखों से बहते आंसू गांव की पीड़ा बयां कर रहे थे। अंतिम संस्कार के दौरान जब दोनों चिताएं एक साथ जली, तो ऐसा लगा मानो पूरे गांव की खुशियां उसी आग में भस्म हो गई हों।

### बंधाया ढांढस

ग्रामीणों का कहना है कि नववर्ष की यह रात गांव के इतिहास में सबसे दर्दनाक रात बन गई। लोग एक-दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आए, लेकिन हर कोई इस सवाल से जूझ रहा था कि आखिर कब तक सड़कें ऐसे ही युवाओं की जान लेती रहेगी।

### हृदयविदारक घटना

इस हृदयविदारक घटना से न केवल कंदाडी, बल्कि आसपास के गांवों में भी शोक की लहर है। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते प्रशासन से हाईवे पर खड़े भारी वाहनों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है। नया साल जो उम्मीदों और सपनों का प्रतीक होता है, कंदाडी गांव के लिए वह अपूरणीय पीड़ा लेकर आया, जहां एक साथ जलती दो चिताएं आज भी लोगों के दिलों में सुलगती हुई याद बनकर रह गई है।

### कुरुभाठ मंडई आज

**मुरमुंदा।** ग्राम कुरुभाठ मंडई कल 3 जनवरी दिन शनिवार को रखा गया है। ग्राम प्रमुख कैलाश नेताम एवं राम साहू ने बताया कि रात्रि में मनोरजन के लिए ग्राम कोको बानो कवर्धा वालों का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से मंडई में उपस्थिति की अपील की है।

### 4 को निषाद समाज की मासिक बैठक

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक 4 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि नववर्ष 2026 मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ निषाद समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही सहित सभी नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का जिला संगठन राजनांदगांव द्वारा सम्मान किया जाएगा।

### गंधर्व समाज की बैठक कल

**राजनांदगांव।** गंधर्व गांड़ा समाज की बैठक 4 जनवरी को सुबह 10 बजे ग्राम मनकी के गंधर्व समाज भवन में आयोजित की गई है। उक्त क्षेत्रीय बैठक में सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

# राजनांदगांव में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष के पहले दिन फ्लड लाईट राजनांदगांव फुटबॉल लीग की शानदार शुरूआत हुई। उद्घाटन सत्र के पहले ही दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों का जोश, दर्शकों का उत्साह और रोमांचक खेल देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद संतोष पांडे एवं इरफान शेख, शिव वर्मा ने किया।



### पहले दिन के मैचों के परिणाम

पहला मुकाबला हरि ॐ ऑटो फाइनेंस विरुद्ध रि-यूनाइटेड एफसी, रि-यूनाइटेड एफसी ने 3–1 से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच पूर्वांश साहू, दूसरा मुकाबला बोरिंग एफसी विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन, बोरिंग एफसी ने 6–1 से शानदार जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच प्रवेश कनेरिया, तीसरा एवं अंतिम मुकाबला अमृत स्ट्राइकर्स विरुद्ध गुरुदेव एफसी, गुरुदेव एफसी ने 6-0 से एकतरफा जीत दर्ज की।

### आज के मुकाबले

राजनांदगांव फुटबॉल लीग के तहत कल 3 जनवरी को भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मुकाबला शाम 05.10 बजे से प्रारंभ होगा। आज चार मुकाबले खेले जाएंगे। जिनमें दर्शकों को कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। कल 3 जनवरी का मैच शाम 05.10 बजे अपना मार्ट योद्धास विरुद्ध हरि ओम ऑटो, शाम 06.25 बजे एज्जी हार्डवेयर विरुद्ध सुपर स्ट्राइकर्ज़, शाम 07.40 बजे पद्मावती यामाहा विरुद्ध पैराडाइज कार एवं शाम 08.55 बजे बोरिंग एफसी विरुद्ध अमृत स्ट्राइकर्ज़।

### उद्घाटन समारोह में दिखा उत्साह

उद्घाटन अवसर पर सांसद संतोष पांडे का स्वागत लक्ष्मण लोहिया, प्रिंस भाटिया, घनश्याम वर्मा, राम भाई, शिवम यादव, राजू तिवारी, अखिलेश मिश्रा, किशोर महेश्वरी एवं नवीन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान खेल मैदान और आयोजन समिति की व्यवस्थाओं की सराहना की गई। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राजनांदगांव में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें मंच देने की।" आयोजन समिति काका फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक दिशा भी देता है।

### कलमना में तरूणा की पंडवानी कल

**राजनांदगांव।** प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरूणा साहू जो पद्म विभूषण डॉ. तीजनबाई की शिष्या हैं, का पंडवानी कार्यक्रम 4 जनवरी को कलमना नागपुर में आयोजित किया जा रहा है।



तरूणा साहू वर्तमान में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) में इंस्पेक्टर राजनांदगांव के पद पर कार्यरत है। वे देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी है तथा अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान भी भव्य पंडवानी प्रस्तुति दे चुकी है। नए वर्ष के शुभ अवसर पर नागपुर के कलमना में होने वाला यह कार्यक्रम पंडवानी की समृद्ध परंपरा एवं लोक संस्कृति का अद्भुत अनुभव प्रदान करेगा। विशेष रूप से 'द्रौपदी चीर-हरण' प्रकरण की उनकी मार्मिक एवं सशक्त प्रस्तुति दर्शकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है और इसे देखने के लिए लोगों में विशेष उत्साह रहता है। यह कार्यक्रम 04 जनवरी को शाम 6 बजे लोक-मलाई (कलमना नागपुर) में आयोजित होगा।

हरिभूमि
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...
'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें–
अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993
मोहला : आभास शर्मा - 6260517094
पिनकापार : - 6268260462

### गुरुद्वारे की चौखट पर मिला संस्कारों का पाठ

**राजनांदगांव।** जब शिक्षा पुस्तकों की सीमाओं से बाहर निकलकर संस्कारों और सेवा के जीवंत अनुभव से जुड़ती है, तब सीखना जीवन का हिस्सा बन जाता है। इसी भाव के साथ नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बलदेवबाग के बच्चों ने तुमड़ीबोड स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा पातशाही बंदीछोड़ में शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां बच्चों ने आध्यात्म, अनुशासन और सेवा की सच्ची भावना को नजदीक से महसूस किया। गौरतलब है कि इस शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल प्राचार्य आरती पिल्लई के साथ शिक्षिकाएं रीना भारद्वाज, सोनाली, करिश्मा पांडे, अंजली गुप्ता, ईशा पवार, दुर्गेश साहू तथा एडमिन संतोष पिल्लई की उपस्थिति रही।



शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने गुरुद्वारे की मर्यादाओं, परंपराओं और अनुशासित जीवनशैली को समझा। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज ने बच्चों को सिख धर्म के मूल सिद्धांतों सेवा, समानता, सत्य और मानवता के बारे में सरल एवं रोचक शब्दों में जानकारी दी। उन्होंने गुरु साहिबान के जीवन प्रसंगों के माध्यम से बताया कि सिख धर्म केवल आस्था ही नहीं, बल्कि मानव कल्याण और निःस्वार्थ सेवा का मार्ग है।

### खडी ट्रक से भिड़ा वाहन

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में बीती रात सड़क किनारे बिगडी अवस्था में खडी एक ट्रक में दूसरी ट्रक जा घुसी। जिससे ट्रक में लोड पाईप सड़क किनारे बिखर गए।



मिली जानकारी अनुसार नेशनल हाईवे कोलियापुरी के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ी थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही पाईप से लोड ट्रक उक्त खड़ी वाहन से जा टकराई। बताया गया कि इस घटना में ट्रक में लोड पाईप सड़क पर बिखर गई। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हो पाई। हाईवे में बढ़ती दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है।

## सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन आयोजन

# शहर में निकाली हेलमेट जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट उपयोग करने हेतु जनजागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा उपस्थित रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की उपस्थिति में हेलमेट जन-जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक करना है।




### यातायात नियमों का करें पालन

राजनांदगांव पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अपने परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाएं, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं, नियंत्रित गति में वाहन चलाएं, संपूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली

हेलमेट जागरूकता रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, प्रशिक्षु आईपीएस नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, यातायात स्टॉफ एवं शहर के पुलिस थाना एवं चौकी स्टॉफ शामिल हुए। हेलमेट जनजागरूकता रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड चौक, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, भारतमाता चौक, गंज चौक से वापस भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, महावीर चौक, फौव्वारा चौक, गुरूद्वारा चौक, नया बस स्टैंड चौक, अम्बेडकर चौक, प्यारेलाल चौक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर समापन हुआ।




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026



# पार्री में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, पटवारी सहित भू-माफिया पर एफआईआर की तैयारी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले एक सप्ताह से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जिले में जारी प्रशासनिक कार्रवाई के तहत शुक्रवार को पार्री में एक्शन लिया गया है। यहां करीबन पांच एकड़ रकबे में अवैध तरीके से प्लाट काटकर बेचने की तैयारी कर रहे भू-माफियाओं के खिलाफ एक्शन लिया गया है। जेसीबी की मदद से प्रशासन ने बनाए गए नाली और सड़क को उखाड़ने का काम किया है।

इस बार प्रशासन के अवैध प्लाटिंग के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को देखकर लग रहा है कि केवल जेसीबी से रोड़, नाली उखाड़ने की कार्रवाई तक अफसर सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जिम्मेदार भू-माफिया एवं अफसरों पर भी एक्शन लिया जाएगा। बताया गया कि प्रशासन जल्द ही भू-माफिया के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है। बड़ी बात यह है कि जिस खसरे पर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी, उस एफआईआर में वहां के पटवारी का नाम भी शामिल किया जाएगा। यानि भू-माफिया के साथ ही पटवारी एवं संबंधित अफसरों पर भी गाज गिरने वाली है।

इधर प्रशासन की कार्रवाई से आम लोगों में भी काफी संतुष्टि दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि हर बार प्रशासन अवैध प्लाटिंग पर केवल नाम की कार्रवाई कर पीछे हट जाता है, लेकिन इस बार इन भू-माफियाओं पर सख्त एक्शन होना चाहिए। इसके साथ ही जिम्मेदार पटवारी और आरआई पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## कलेक्टर ने निगम टीम को दिए सख्त एक्शन के निर्देश, नजर में संलिप्त अफसर भी

### कलेक्टर ने निगम को दिए एफआईआर कराने के निर्देश

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने निगम अफसरों को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही संबंधित भू-माफियाओं के खिलाफ थाने में आवेदन देकर एफआईआर कराने भी कहा गया है। हालांकि अब तक शहर में किसी भी अवैध प्लाटिंग पर एफआईआर नहीं कराई गई है।

### खास बातें

- अवैध प्लाटिंग पर गठित हुई टीम
- निगम अफसरों की अनदेखी से शहर में बढ़ा अवैध प्लाटिंग का कारोबार



### बिना अनुमति बनाई नाली

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार पार्री में भू-माफिया संदीप पारख द्वारा बिना अनुमति लिए ही मुरूम की सड़कें एवं नाली का निर्माण करा लिया गया था। शिकायत के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जहां नाली को तोड़ने का काम किया है। वहीं सड़क को भी उखाड़ा गया है। वहीं संबंधित लोगों को नोटिस जारी की जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस मामले में भी एफआईआर की तैयारी की जा रही है।

# अपराधों में कमी: हत्या के 25 मामलों की गुत्थी सुलझी, सालभर में 3 जगह डकैती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने वर्षभर में हुए अपराधों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते बताया कि वर्ष 2024 की अपेक्षा 2025 में अपराधों में कमी आई है। हत्या जैसे गंभीर मामले के 27 प्रकरणों में 25 सुलझा, जिसमें 63 आरोपी गिरफ्तार हुए, 2 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। इसी तरह आबकारी मामले में बेहतर कार्रवाई हुई है।

शुक्रवार को जनसंवाद कक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पत्रकारवार्ता में साल में हुए आपराधिक मामले और पुलिस की कार्रवाई का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में हत्या के 27 प्रकरण हुए। जिसमें 25 सुलझा और 63 आरोपी गिरफ्तार किए गए, दो मामले में गिरफ्तारी शेष है। इसी तरह हत्या का प्रयास के 31 मामलों में 28 सुलझा। जिसमें 69 आरोपी गिरफ्तार, 3 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है।

इसके अलावा अन्य आपराधिक मामले में आपराधिक मानव वध 1 प्रकरण में 1 सुलझा, 1 आरोपी गिरफ्तार, बलात्कार के 65 प्रकरणों में 61 सुलझा, 68 गिरफ्तार, 4 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, अपहरण, व्यपहरण के 107 प्रकरणों में 61 सुलझा। जिसमें 13 आरोपी गिरफ्तार, 20 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। डकैती के 3 मामलो में तीनों सुलझा। जिसमें 15 आरोपी गिरफ्तार किए गए। लूट के 17 प्रकरणों में 17 सुलझा। जिसमें 39 आरोपी गिरफ्तार किए गए।




### अन्य अपराधों में भी हुई कार्रवाई

आगजनी के 8 प्रकरणों में 8 सुलझा। जिसमें 9 आरोपी गिरफ्तार हुए। चोंट के 782 प्रकरणों में 741 सुलझा। जिसमें 1298 आरोपी गिरफ्तार, 41 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, दहेज मृत्यु 1 प्रकरण में 1 सुलझा। जिसमें 1 आरोपी गिरफ्तार, शीलभंग के 41 प्रकरणों में 40 सुलझा। जिसमें 43 आरोपी गिरफ्तार, 1 प्रकरण गिरफ्तारी शेष, यौन उत्पीड़न के 12 प्रकरणों में 11 सुलझा। जिसमें 11 आरोपी गिरफ्तार हुए, 1 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, दहेज प्रताड़ना के 15 प्रकरणों में 9 सुलझा। जिसमें 19 आरोपी गिरफ्तार, 6 प्रकरण विवेचनाधीन, 304-ए भादवि के 210 प्रकरणों में 180 सुलझा। जिसमें 115 आरोपी गिरफ्तार, 30 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, अन्य भादवि के 471 प्रकरणों में 413 सुलझा। जिसमें 535 आरोपी गिरफ्तार, 58 प्रकरण गिरफ्तारी शेष है। पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024 की अपेक्षा वर्ष 2025 में अपराधों में कमी आई है।

### चोरी के 48 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष

नकबजनी के 156 प्रकरणों में 125 सुलझा। जिसमें 120 गिरफ्तार, 31 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष, चोरी के 248 प्रकरणों में 236 सुलझा। जिसमें 111 आरोपी गिरफ्तार, 48 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। झपटमारी 15 प्रकरणों में 14 सुलझा। जिसमें 18 आरोपी गिरफ्तार, 1 मामले में गिरफ्तारी शेष, बलवा के 25 प्रकरणों में 23 सुलझा। जिसमें 90 आरोपी गिरफ्तार, 2 में गिरफ्तारी शेष, खयानत के 5 प्रकरणों में 4 सुलझा। जिसमें 10 आरोपी गिरफ्तार किए गए, 1 प्रकरण में गिरफ्तारी शेष है। धोखाधड़ी के 88 प्रकरणों में 57 सुलझा। जिसमें 99 आरोपी गिरफ्तार, 31 प्रकरण विवेचनाधीन है।

### तापमान चढ़ा, अब 12 डिग्री पर पहुंचा

**राजनांदगांव।** जिले के न्यूनतम तापमान में पिछले दो दिनों में इजाफा देखने को मिला है। अंचल का न्यूनतम तापमान अब बढ़कर 12 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं दिन का पारा भी अब 29 डिग्री पर आ गया है।




## खबर संक्षेप

### 615 कट्टा धान पकड़ाया



**राजनांदगांव।** जिले में अवैध धान के परिवहन की रोकथाम के लिए जारी जांच अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरुवार की रात महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान दो ट्रकों को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। बताया गया कि गुरुवार को रात्रि लगभग 9 बजे राजस्व अधिकारियों का दल सीमावर्ती क्षेत्रों के निरीक्षण पर था। इस दौरान महाराष्ट्र के सालेकसा से कोठीटोला-कारूटोला के रास्ते छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे दो संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमएच 11 एएल 4288 की जांच करने पर 315 कट्टा धान लोड पाया गया। इसी प्रकार जांच करने पर 300 कट्टा धान लोड पाया गया। मौके पर उपस्थित वाहन चालकों एवं स्वामियों से धान के परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज, मंडी पर्ची अथवा अन्य अनिवार्य कागजात मांगे गए। किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण अधिकारियों द्वारा दोनों वाहनों के लोड कुल 615 कट्टा धान सहित वाहन जब्त कर किया गया। जब्त धान और वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने अन्य राज्यों से अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए जिले की सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

**बेचना है**

रीवागहन चौक के आगे, शिव मंदिर के बाद, भारत पेट्रोल पम्प के पहले, 80 डिसमिल के करीब जगह 2 खेत के अंदर को बेचना है। लेने के इच्छुक संपर्क करें

मो. 9827160174

# घायल पत्नी और बच्चे को देखने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया थाना अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। पत्नी व बच्चों के घायल होने की जानकारी मिलने पर आनन-फानन में उन्हें देखने अपनी दो पहिया वाहन में सवार होकर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई।




प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरिया पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में भिडंत होने से एक बाइक में सवार महिला व अन्य घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से राजनांदगांव चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना मिलने पर महिला के पति शोभित कुमार 40 वर्ष बाइक में सवार होकर अपनी पत्नी को देखने जा रहे थे। वे बीती देर शाम जब भरकाटोला के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया गया कि हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी जमा हो गए थे। हादसे के वक्त वाहन की रफ्तार तेज होने के चलते स्थिति संभल नहीं पाई।

### पूर्व में भी हुई थी घटना

ज्ञात हो कि पूर्व में छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरे पुलिया के पास दो बाइक में भिडंत हो गई थी। जिसमें एक बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई थी। वहीं अन्य वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

## हरिभूमि
## जन्मदिन उत्सव
## उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

**समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।**

**नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।**



## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन आज से शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** धर्म नगरी कवर्धा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जीवन गाथा पर आधारित सात दिवसीय श्रीराम चरित्रमानस कथा का भव्य शुभारंभ 03 से 09 जनवरी तक श्रीराम फर्नीचर के पीछे सेंट्रल बैंक के पास रायपुर रोड, कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास मानस विदुषी देवी चंद्रकला (अयोध्या पुरी) के श्रीमुख से भक्तजनों व श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होगा। जिसमें श्रीराम चरित्र कथा दोपहर 2:00 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित किया जाएगा। जिस पर आयोजक समिति मित्तल परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं व भक्तजनो को इस श्रीराम कथा के पावन अवसर पर सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करें एवं अपने जीवन को धर्म, भक्ति और संस्कारों से कृतार्थ करें।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट से मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

**हरिभूमि कवर्धा।** दूरस्थ व घने वनांचल आदिवासी क्षेत्रों में अब स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के दरवाजे तक पहुंचेंगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन के तहत रायपुर में 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में सुविधाओं की कमी है।

---

उपमुख्यमंत्री विजय के प्रयासों से साकार हो रहा 146 करोड़ का ड्रीम प्रोजेक्ट

# भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना का गरिमापूर्ण भूमि पूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नववर्ष 2026 के प्रथम दिन कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक केंद्र भोरमदेव में बहुप्रतीक्षित भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमि पूजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। चौरा ग्राम स्थित भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा एवं अरुण साव, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के संचालक विवेक आचार्य मौजूद रहे। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

भोरमदेव कॉरिडोर की परिकल्पना उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की दूरदृष्टि का परिणाम मानी जा रही है। लंबे समय से क्षेत्र की इस ऐतिहासिक धरोहर को योजनाबद्ध और समग्र रूप से विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री और मुख्यमंत्री को भोरमदेव के इतिहास, स्थापत्य विशेषताओं और प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने मंदिर के स्थापत्य को लेकर रुचि दिखाई और इसकी भव्यता की सराहना की, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी परियोजना की प्रगति और भावी स्वरूप पर चर्चा की।

**भोरमदेव 936 वर्षों की आस्था और स्थापत्य का प्रतीक**

लगभग 936 वर्ष प्राचीन भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ का प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र है, जिसे "छत्तीसगढ़ की काशी" भी कहा जाता है। नागर शैली में निर्मित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और अपनी अद्भुत शिल्पकला, ऐतिहासिक महत्ता एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। वर्ष 1995 में प्रथम भोरमदेव महोत्सव के आयोजन के बाद इस क्षेत्र के विकास की शुरुआत हुई। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात वर्ष 2003-04 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में सड़क, प्रवेश द्वार, धर्मशाला, संग्रहालय, सरोवर, उद्यान, लक्ष्मण झूला, शिव प्रतिमा, नागद्वार सहित अनेक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया गया, जिससे भोरमदेव को राष्ट्रीय पहचान मिली।

#### परियोजना से बदलेगा भोरमदेव-रामचुआ-सरोधा का स्वरूप

146 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत भोरमदेव में सरोवर का सौंदर्यीकरण, चारों ओर घाट निर्माण, शिव प्लाजा का विकास, विशाल लक्ष्मण झूला, आकर्षक प्रवेश द्वार, आधुनिक लाइटिंग, संग्रहालय, पाथवे, महोत्सव स्थल का विस्तार, श्रद्धालुओं एवं कलाकारों के लिए सुविधाएं, पार्किंग, प्रसाद केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था एवं मंदिर परिसर का पुनर्विकास किया जाएगा। रामचुआ में प्रवेश द्वार, मंच विस्तार, शौचालय, पेयजल व्यवस्था और बच्चों के लिए मनोरंजन साधनों का विकास होगा, जबकि सरोधा के वृंदावन गार्डन में कैफेटेरिया, व्यू प्वाइंट, सनसेट प्वाइंट और बोटिंग सुविधा विकसित की जाएगी। परियोजना के पूर्ण होने पर भोरमदेव केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा।

---

## वेदमूर्ति राजा दशरथ ने राम-प्रेम में जीवन व मरण दोनों का फल पायाः पं आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम कुण्डा के समीप स्थित ग्राम झलियापुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रामाचार्य पं मनहरण शर्मा के मार्गदर्शन और ओमप्रकाश के संचालन में पांच दिवसीय मानस प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें बाल व्यास पं हरे कृष्ण शुक्ला, नवोदित कथाकार कुमारी सृष्टि शुक्ला एवं धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय का तीन दिवसीय प्रवचन के प्रथम दिवस के प्रवचन में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि राजा दशरथ वेद मूर्ति स्वरूप हैं, रानी कौशल्या, कैकई और सुमित्रा ज्ञानकांड कर्मकांड और उपासनाकांड के समान हैं।

श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी वंदना प्रकरण में राजा दशरथ के संबंध में कहा है कि राजा दशरथ के जीवन में भगवान राम के प्रति जो उनका प्रेम है वह सत्य है, अगाध है, अपूर्व है व अद्भुत है। भगवान राम के प्रेम में राजा दशरथ ने अपने शरीर को तिनके के समान त्याग दिया, वनवास के समय माता कैकई से राजा दशरथ ने कहा था की एक बार मछली बिना जल के रह सकती है, मणि वाला सांप बिना मणी के रह सकता है पर मेरा जीवन राम के बिना नहीं रह सकता। मैं बिना छल कपट के सत्य कहता हूं कि मेरा जीवन राम के दर्शन के अधीन है वह राजा दशरथ जो सभी राजाओं के मुकुटमनी थे, देवराज इंद्र जिन्हें आधा सिंहासन देते थे जिनके प्रेम के कारण भगवान राम उनके पुत्र बनाकर के आए, ऐसे राजा दशरथ को जब भगवान राम का वियोग हुआ तो राम के वियोग में भगवान राम का नाम लेते हुए राजा दशरथ ने अपने प्राणों का त्याग कर दिया।

इस तरह से अपने मरन को मंगलमय बना लिया राजा दशरथ ने, जो भगवान का नाम लेकर शरीर छोड़ता है मरता है वह अपनी मृत्यु को भी मंगलमय बना लेता है। भगवान का धाम और मोक्ष प्राप्त कर लेता है। इस तरह से राजा दशरथ ने अपने मरन को सार्थक करके मरण का फल का लिया और अपने जीवन काल में भगवान राम के दिव्य बाल लीला का उनके दिव्य श्री विग्रह का दर्शन करके अपने जीवन का फल पा लिया जीवन को सफल बना लिया इसीलिए राजा दशरथ को रामचरितमानस में बड़भागी कहा गया है, तीनों लोकों में तीनों काल में राजा दशरथ के समान कोई बड़भागी नहीं है जिनको मानव तन मिला है और सत्संग मिला है वह भी बड़भागी हैं, जो सत्संग पाकर भगवान की ओर बढ़ गया वह अति बड़भागी है फिर दान के संबंध में उसकी महिमा बताते हुए कहा कि सामान्य रूप से दान दो प्रकार का होता है। पहला दान समय और पर्व पर दिया जाता है और दूसरा दान होता है।

---

## पीएम आवास योजना से बना पक्का घर, बरसात व असुरक्षा की चिंता से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में पात्र हितग्राहियों को निरंतर आवास का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिले के अनेक परिवारों का पक्का आवास का सपना साकार हो रहा है और उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध हो रहा है। इसी योजना से लाभान्वित जिले के ग्राम मझगांव के हितग्राही रामझुल गंधर्व, पिता स्वर्गीय लाला गंधर्व ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास आज पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुका है। उन्होने बताया कि इससे पूर्व उनका आवास कच्चा था, जिसमें बरसात के दिनों में छप्पर से पानी टपकता था। साथ ही बंदर, सांप एवं बिच्छू जैसे जीव-जंतुओं का भय बना रहता था, जिससे परिवार को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्का घर बनने के बाद अब ये सभी समस्याएं समाप्त हो गई हैं। उन्होंने बताया कि अब वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सुरक्षित एवं सुखद वातावरण में रह रहे हैं। परिवार की आजीविका मजदूरी पर निर्भर है, लेकिन पक्का आवास मिलने से उनका जीवन पहले की तुलना में कहीं अधिक स्थिर और सुरक्षित हो गया है।

श्री गंधर्व ने यह भी बताया कि उनके परिवार को सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। उनकी पत्नी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हैं तथा परिवार को मुफ्त राशन भी प्राप्त हो रहा है, जिससे दैनिक जीवन की आवश्यकताएं सहज रूप से पूरी हो रही हैं।

उन्होंने सरकार द्वारा संचालित इन जन-कल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पक्का मकान का सपना केवल सरकार की योजनाओं के कारण ही साकार हो सका है। आज वे अपने परिवार के साथ पक्के आवास में खुशहाल एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

---

## जिला साहू संघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर साहू समाज ने जताई कड़ी आपत्ति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला साहू संघ कबीरधाम छत्तीसगढ़ ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा साहू समाज के गौरव एवं उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरूण साव के विरुद्ध की गई आपत्ति जनक टिप्पणी के विरोध में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। संघ ने उक्त बयान को अमर्यादित, आपत्तिजनक एवं समाज की भावना को आहत करने वाला बताया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरमराज साहू ने कहा कि सार्वजनिक मंच से की गई इस टिप्पणी से पूरे साहू समाज में आक्रोश है। संघ की सर्वसम्मत मांग है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने बयान को 4 दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से वापस लें एवं स्पष्ट शब्दों में क्षमा याचना करें साथ ही संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में बयान वापस नहीं लिया गया तो साहू समाज लोकतांत्रिक, संगठित एवं चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए विवश होगा। इस संबंध में जिला प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की गई है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष पतिराम साहू, जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू, मनीषा साहू, लोकचंद साहू, धर्मराज साहू, बालाराम साहू, सीमा साहू, मनीराम साहू, श्रवण साहू, सुदर्शन साहू, लालचंद साहू, भागबली साहू, गुलाब साहू, हंसाराम साहू, अनुज साहू, खिलेश्वर साहू, कृष्णा साहू, अश्वन साहू, मीनूराम साहू, सुनील साहू, शानू साहू, दुर्गेश साहू, तामेश्वर साहू, शैलेन्द्र साहू, उरेंद्र साहू, आकाश साहू, दिलीप साहू व समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थें।

---

## आरपीएस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई-लिखाई के साथ ही साथ शालेय सहगामी प्रतियोगिताओं का होना भी आवश्यक एवं अनिवार्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3रीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ पी पी चन्द्रवंशी, पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा एवं निर्देशक डॉ आदित्य चन्द्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के चारों आधार स्तम्भ संस्कार, रीति, परंपरा एवं संस्कृति हाउस के बच्चों द्वारा अपने दलीय परिधान से सुसज्जित होकर बैंड की धुन पर मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी गई। तदुपरांत खेल शिक्षक द्वारा अतिथियों का सभी हाउस के प्रतिनिधियों से क्रमशः परिचय कराया गया। इस वर्ग के बच्चों के लिए 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिलेरेस, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, शॉटपुट, लंबी कुद, जेवलीन थ्रो, ऑब्सटेकल रेस आदि खेलों में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहित नजर आए, वहीं खो-खो, कबड्डी व व्हॉलीबॉल में पूरे जोश एवं ऊर्जा से लबरेज अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित करने की जद्दोजहद में दिखा। इस अवसर पर सभी विजेताओं एवं उपविजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए, जीतना ही आवश्यक नहीं। उन्होंने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ होते हैं। एक स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, खेल शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित थें।

---

## क्षेत्र में आज हर्षोल्लास के साथ छेरछेरा पर्व श्रद्धा, दान और फसल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव सहित सहित आसपास क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पर्व बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से दान और फसल उत्सव के रूप में जाना जाता है। पौष मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व का खास महत्व है। इस दिन लोग अपने घरों में आई नई फसल को बांटकर समाज में समानता, दानशीलता और भाईचारे का संदेश देते हैं। बताया जाता है कि छेरछेरा पर्व पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं की टोलियां गांवों और शहरों में छेरछेरा कोठी के धान ल हेरहेरा कहते हुए घर-घर जाकर दान मांगती हैं। लोग इन टोलियों को धान, अनाज, साग-भाजी, फल और पैसे खुशी-खुशी दान में देते हैं। यह पर्व आत्मीयता, सहयोग और समर्पण की भावना को प्रकट करता है। छेरछेरा पर्व को लेकर कई पौराणिक मान्यताएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। इसीलिए इस दिन लोग दान को पुण्य का कार्य मानते हैं। साथ ही इस दिन को मां शाकम्भरी जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। छेरछेरा पर्व नई फसल के घर आने की खुशी को भी दर्शाता है। यह त्यौहार किसानों के लिए खास महत्व रखता है क्योंकि यह उनकी मेहनत और फसल की समृद्धि का उत्सव है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इस दिन को खलिहानों और घरों में धान दान करके मनाते हैं। छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह त्यौहार सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा देता है। इस पर्व के जरिए समाज के हर वर्ग को यह संदेश दिया जाता है कि संपन्न लोग जरूरतमंदों की मदद करें। दान देने की परंपरा से सामाजिक समानता और आपसी सहयोग की भावना प्रबल होती है।

---

छत्तीसगढ़ को मिला राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व, कांग्रेस नेताओं ने दी शुभकामनाएं

## अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बनीं ममता चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के महासचिवों, सचिवों एवं राष्ट्रीय समन्वयकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें पंडरिया की पूर्व विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष श्रीमती ममता चंद्राकर को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति संगठन में उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, जमीनी सक्रियता एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए कार्यो के आधार पर की गई है। श्रीमती ममता चंद्राकर ने जनपद पंचायत बेमेतरा से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। वे जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष, राज्य महिला कांग्रेस की सचिव सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। वर्ष 2018 से 2023 तक विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया। साथ ही वे मुख्यमंत्री इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी एवं अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की सदस्य भी रहीं।

उनकी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी पर प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं में उत्साह का माहौल है।

जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, राज्यसभा सांसद श्रीमती फूली देवी नेताम, टीएस बाबा, पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक बैजनाथ चंद्राकर, श्रीमती अनिला भेड़िया, पूर्व मंडी अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी एवं हरेंद्र चंद्राकर ने बधाई देते हुए उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

साथ ही साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, श्रीमती सीमा अनंत, प्रदेश प्रतिनिधि रूपेन्द्र वर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेन्द्र मार्कण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर, पालेश्वर चंद्राकर, रोहित चंद्रवंशी, आनंद सिंह, अशोक ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं डोमेन मरकाम, दिनेश कोसरिया, राकेश चंद्राकर, सच्चिदानंद केशरवानी, प्रदीप चंद्राकर, घनश्याम साहू, भगवान पटेल, सीतेश चंद्रवंशी, वाल्मीकि वर्मा एवं आकाश केशरवानी सहित दर्जनों जिला अध्यक्षों, विधायकों, पूर्व विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। जिस पर कांग्रेसजनों ने विश्वास जताया है कि श्रीमती ममता चंद्राकर के नेतृत्व में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा महिलाओं की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर और प्रभावी रूप से बुलंद

---

## हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

कौड़ीकसा एवं देववाड़वी मंडल के तत्वावधान में भंडारीटोला में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न ग्राम से सनातनी शामिल हुए।

मंडल पालक तुकेश पटेल ने बताया कि सुबह शीतला मंदिर से कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। भारत माता और देवी देवताओं की पूजा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अरजकुंड रामायण मंडली ने भजन एवं बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रमुख वक्ता अभय बाजपेयी, अनिल श्रीवास्तव, गोपाल वर्मा, गीता कुंजाम, मोगरा ने प्रेरणास्पद व्याख्यान दिए।

कार्यक्रम में ताम्रध्वज सिन्हा, लक्ष्मण देवांगन, रामकुमार छेदईया, झनक सोनवानी, संदीप साहू, दिगम्बर शांडिल्य, शत्रुघ्न चुरेंद्र, पारस मंडावी, किशोर, आनंद, मनोज कोरटिया, लक्ष्मी कुल्हारा, अर्जुनदास साहू, योगेन्द्र सहित अन्य शामिल हुए।

**समस्या:** जिले में नहीं थम रहा अवैध धान का परिवहन, तीन वाहन व धान जप्त

# अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, विभाग ने 147 क्विंटल धान जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले में जारी समर्थन मूल्य में धान खरीदी के बीच लगातार मिल रही अवैध धान परिवहन एवं समितियों में खपाए जाने की शिकायत के बीच एक बार फिर प्रशासन ने शुक्रवार को 97 क्विंटल अवैध धान जप्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सहायक खाद्य अधिकारी अनिल वर्मा, खाद्य निरीक्षक खेम चंद्राकार एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जीवन लाल मार्को द्वारा ग्राम भुरभुसपानी में अवैध धान परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के दौरान माजदा वाहन क्रमांक सीजी-09-जेएच-3689 चालक प्रहलाद परस्ते के कब्जे से वाहन में भरा 180 कट्टा कुल 72 क्विंटल तथा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-07-बीजेड 2172 चालक हामिद के कब्जे से वाहन में 63 बोरी 25.20 क्विंटल धान जप्त किया गया है जिसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था।

विभागीय जानकारी के मुताबिक यह धान ग्राम बाकी, विकासखंड बोड़ला निवासी सुखीराम परस्ते द्वारा ग्राम बाकी से बैजलपुर की ओर ले जाया जा रहा था। पूछताछ के दौरान धान परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिसके फलस्वरूप दोनों वाहनों को जप्त कर मंडी पंडरिया के सुपुर्द किया गया है। बताया जाता है कि सहायक खाद्य अधिकारी अनिल वर्मा द्वारा अब तक रेंगाखार एवं पंडरिया क्षेत्र में कुल 18 वाहनों को पकड़कर थाना के सुपुर्द किया जा चुका है। वहीं कवर्धा जिले में कुल 40 अवैध धान परिवहन वाहनों की जप्ती कर थाना के सुपुर्द किया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार की गई है। प्रशासन के मुताबिक शेष खरीदी दिवसों में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए कड़ाई के साथ अभियान जारी रहेगा। इसके लिए विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**एक अन्य वाहन से 50 कट्टा अवैध धान जप्त**



बताया जाता है कि इसी कड़ी में प्रशासनिक टीम ने एक अन्य पिकअप वाहन से 50 कट्टा अवैध धान जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 9.00 बजे प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम ने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 यू 9968 में 50 कट्टा धान भरकर तेली खामही निवासी सुनील साहू के द्वारा तेलीखामही से खैरडोंगरी ले जाते हुए पकड़ा है। जांच टीम ने जिसे अमरपुर में पकड़ कर उसे पंडरिया मंडी के सुपुर्द किया है। सहायक खाद्य अधिकारी अनिल वर्मा, खाद्य निरीक्षक खेम चंद्राकार एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जीवन लाल मार्को के द्वारा जांच में बिना वैद्य दस्तावेज के धान का अवैध परिवहन करते पाया गया

# ठंड में भी पेयजल के लिए भटक रहे स्कूली छात्र

- हैण्डपंप से निकल रहा गंदा पानी, स्कूल पेयजल व्यवस्था पहले ही चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

कड़ाके की ठंड के इस मौसम में भी विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बताया जाता है कि शासन की योजना के तहत स्कूल में की छत में बकायदा सिनटेक्स की पानी टंकी रखी और नल कनेक्शन लगाकर टोंटी भी लगाई गई है। लेकिन स्कूल प्रशासन और बच्चों की माने तो पीएचई विभाग की इस सुविधा का लाभ बच्चों को आज तलक नहीं मिल पाया है क्योंकि इस कार्य पूर्व के बाद से आज तक पानी टंकी कभी भरी ही नहीं जिसके चलते टोटियों से पानी निकलना संभव ही नहीं है। ऐसे हालातों में स्कूली बच्चे अभी तक स्कूल के सामने लगे एक सार्वजनिक हैण्ड पंप से अपना गुजारा कर रहे थे। लेकिन बीते कुछ दिनो से इस हैण्ड पंप ने भी स्कूली बच्चों का साथ छोड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक हैण्ड पंप से गंदा और दूषित पानी निकल रहा है जो पीने लायक नहीं है। हैण्ड पंप से गंदा और मटमैला पानी निकलने के बाद अब स्कूली बच्चे मध्यान भोजन के बाद पानी पीने और अपने बर्तन साफ करने यहां वहां भटकते नजर आ रहे हैं। स्कूल प्रबंधन एवं ग्रामीणों ने बताया कि इन हैण्ड पंप की क्रेसिंग बढ़ाने की मांग वे वर्षो से करते आ रहे है जिस पर पीएचई विभाग ने कुछ सुधार कार्य भी किया है लेकिन गंदा और मटमैला पानी अभी भी आ रहा है।



जिससे ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बच्चे कड़ाके की इस ठंड में भी पेयजल की समस्या के लिए यहां वहां भटक रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर जल्द ही पेयजल का कोई दूसरा इंतजाम नहीं किया गया तो आने वाली ग्रीष्म ऋतु में यह समस्या और भी ज्यादा गहरा सकती है।

**पूर्व माध्यमिक शाला में नए बोर खनन की मांग**

क्षेत्र के ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चों ने लगातार बढ़ रही पेयजल की समस्या को देखते हुए शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से स्कूल में नए बोर खनन की मांग की है। ताकि स्कूली बच्चों को पेयजल के लिए यहां वहां भटकना न पड़े और स्कूल परिसर से बाहर न जाना पड़े।

**खबर संक्षेप**

## त्रिपाठी उपमुख्यमंत्री की निजी टीम में शामिल



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी को उपमुख्यमंत्री अरुण साव की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर अस्थायी रूप से पदस्थ किया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में पदस्थ विपुल कुमार गुप्ता (मूल पद—संयुक्त कलेक्टर, बिलासपुर) की सेवाएं उनके मूल विभाग को वापस कर दी गई हैं। आदेश छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से 31 दिसंबर 2025 को जारी किया गया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी

**कवर्धा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जा रही है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रतिदिन प्राप्त दावा आपत्तियों की जानकारी देते हुए बताया कि 01 जनवरी की स्थिति में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन पहले प्राप्त फार्म 6-जोड़ने के लिए 2409, फार्म 07 - हटाने के लिए 497 तथा प्रकाशन के बाद मतदाताओं से सीधे प्राप्त दावे और आपत्तियां 738 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें फार्म 6/6ए आवेदनों की संख्या 733 और फार्म 7 की संख्या 5 है।

# पुलिस प्रशासन का दावा, वर्ष 2025 में कम हुए अपराध

## नहीं दिख रहा अपराधियों व असामाजिक तत्वों में खौफ

- नक्सल उन्नमूलन अभियान में मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि वर्ष 2025 में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक से बढ़कर एक आपराधिक मामले देखने और सुनने को मिले है। जिसमें चोरी, हत्या, बलात्कार, दबंगई, गुंडागर्दी, बलवा, सामाजिक और धार्मिक उन्माद, तस्करी, जुआ, सट्टा जैसे अपराध शामिल है। यह भी सही है इनमें से कई मामलों में पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही कर संबंधित अपराधियों की धरपकड़ की है और उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया है। वर्ष 2025 में जिला पुलिस प्रशासन ने कई अनसुलझे और वर्षो से लंबित पड़े गंभीर आपराधिक मामलों को भी सुलझाने में सफलता हांसिल की है। लेकिन ये कहना की जिले में अपराध और अपराधी नियंत्रण में है तो यह सही नहीं होगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिला प्रदेश के गृह मंत्री का गृह जिला है बावजूद इसके यहां अपराधियों और आसामाजिक तत्वों में कहीं भी पुलिस का खौफ नहीं दिखाई देता। सरेराह चाकूबाजी करना, डंडे लाठी चलाना, पुलिस प्रशासन से ही भिड़ जाना कानून को अपने हांथ में लेना आम बात हो गई। फिर भी जिले की खस्ताहाल और चरमराई कानून व्यवस्था के बीच जिला पुलिस प्रशासन वर्ष 2024 की अपेक्षा वर्ष 2025 को कानून व्यवस्था के लिहाज से बेहतर मान रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी बयान और आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में कबीरधाम पुलिस ने सख्त पुलिसिंग, प्रभावी अपराध नियंत्रण और मजबूत कानून व्यवस्था के जरिए जिले में शांति एवं सुरक्षा का




नया मानक स्थापित किया। सतत गश्त, क्षेत्रवार निगरानी, त्वरित कार्रवाई और खुफिया सूचनाओं पर आधारित रणनीति के परिणामस्वरूप जिले के समग्र अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जबकि पूरे वर्ष कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। नक्सल उन्मूलन की दिशा में कबीरधाम पुलिस को ऐतिहासिक सफलता मिली। वर्ष 2025 में 4 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की। संगठित कार्रवाई और निरंतर दबाव के चलते बोड़ला, भोरमदेव एरिया कमेटी तथा कान्हा–भोरमदेव डिवीजन को समाप्त किया गया, जिसके आधार पर जिले को नक्सल-मुक्त घोषित कर लेगेसी जिला की श्रेणी में शामिल किया गया। महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महिला थाना का उद्घाटन किया गया, जिससे महिलाओं से जुड़े अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग, संवेदनशील विवेचना और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हुई। त्यौहारों एवं बड़े आयोजनों नवरात्रि (खप्पर यात्रा), जन्माष्टमी, गणेश पर्व, दशहरा, दीपावली, होली, ईद तथा पं. प्रदीप मिश्रा के विशाल धार्मिक कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त बल, प्रभावी भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन के साथ पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। पुराने जघन्य अपराधों (डॉक्टर दंपत्ति हत्या, नाबालिग बालिका हत्या सहित) तथा वर्ष 2025 में घटित गंभीर मामलों में त्वरित और वैज्ञानिक विवेचना से सफल निराकरण किया गया।

**अपराधों में 10 प्रतिशत की कमी का दावा**

जिला पुलिस प्रशासन के मुताबिक वर्ष 2025 में अपराध आंकड़ों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई। जिसमें डकैती में 100 प्रतिशत, लूट 94 प्रतिशत, चोरी 43 प्रतिशत, नकबजनी 66 प्रतिशत, हत्या के प्रयास 57 प्रतिशत सहित कई श्रेणियों में कमी आई है। एनडीपीएस और आबकारी मामलों में भी बड़ी जब्ती व नष्टीकरण हुआ है। सड़क सुरक्षा के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधारात्मक उपाय, दृश्यता बढ़ाने के कार्य और आवारा पशुओं से दुर्घटना रोकथाम की प्रभावी पहल की गई। इन समेकित प्रयासों से कबीरधाम में नागरिकों का पुलिस पर भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है—जो पुलिस की पेशेवर क्षमता, अनुशासन और प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

# नए वर्ष पर स्टेट बैंक की पहल, दस स्कूली छात्राओं को वितरित की गईं साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नववर्ष के शुभ अवसर पर स्टेट बैंक द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वामी करपात्री जी हायर सेकेंडरी स्कूल कवर्धा में 10 साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साइकिल वितरण का उद्देश्य विशेष रूप से छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना, उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। यह पहल बालिकाओं की शक्ति को सुदृढ़ करने, उनमें उत्साह जगाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने स्टेट बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर सभी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए यह संदेश दिया कि जब हम बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं, तो हम पूरे समाज को आगे ले जाते हैं।




## ग्राम पंचायत चिल्फी ने एनएच 30 के किनारे कराई साफ-सफाई...

**चिल्फीघाटी।** ग्राम पंचायत चिल्फी द्वारा नेशनल हाईवे-30 चिल्फी रोड किनारे फैले कचरे की सफाई कराई गई। ग्राम पंचायत चिल्फी द्वारा सड़क किनारे फैले प्लास्टिक, घरेलू कचरे एवं एकत्र कर सुरक्षित रूप से सफाई कराकर निस्तारित किया गया। ग्राम पंचायत चिल्फी ने आमजन से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं तथा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं।



**तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**

# झलमला महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय, झलमला में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विविध खेलकूद एवं सांस्कृतिक, मनोरंजनात्मक गतिविधियों का सफल आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़ 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, शतरंज, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल जैसी खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए मेहंदी, रंगोली, सलाद सज्जा, पकवान व्यंजन एवं केश सज्जा जैसी रचनात्मक



प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को मनोरंजनपूर्ण एवं यादगार बनाया। यह आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश पाठक के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक स्वतंत्र कुमार जटाशंकर एवं सहसंयोजक अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक शिव प्रसाद जांगड़े रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छाया भालेकर, शिवांगी पाठक, प्रीति टंडन, रमाकांत सोनी, रवि गुप्ता, अजीत कांत एवं लेखराज मिश्रा सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# पीएम अजय योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए स्वरोजगार ऋण एवं अनुदान का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों के लिए बैंक के माध्यम से स्वरोजगार ऋण योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत लघु उद्योग एवं विभिन्न प्रकार के व्यापार प्रारंभ करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराए जाने के लिए प्रकरण भेजे जाते हैं, जिन पर निगम द्वारा अनुदान राशि प्रेषित की जाती है। योजना के अंतर्गत ऋण इकाई लागत की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है। हितग्राही किराना दुकान, बेकरी, भोजन एवं चाट दुकान, कोचिंग क्लास, हेयर कटिंग सैलून एवं ब्यूटी पार्लर, चाय कैंटीन, नाश्ता केंद्र, योग शिक्षा, लॉन्ड्री, घड़ी एवं विद्युत यंत्र मरम्मत, साइकिल एवं टू-व्हीलर रिपेयरिंग, गृह साज-सज्जा, बागवानी, नर्सरी, पशुपालन, मछली पालन, बकरी एवं मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, स्टेशनरी, सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, डिटर्जेंट एवं मोमबत्ती निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, फास्ट फूड सेंटर, एग्रो सर्विस सेंटर सहित अनेक छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। योजनांतर्गत स्वीकृत ऋण पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50,000 रुपये तक का अनुदान देय है। हालांकि ऋण राशि की अधिकतम सीमा बाध्यकारी नहीं है। पात्र आवेदक अविलंब आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय कलेक्टर, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कलेक्टोरेट भवन कबीरधाम में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

